## एक नजर में

### फिर दिखी तेंदुए की दहशत, अब मवेशियों पर किया हमला



**शाजापुर, 4 जनवरी**. जिले में फिर तेंदुए की दहशत ने ग्रामीणों की नींद उड़ा दी है. जिसने शनिवार दोपहर में ही मवेशियों पर हमला कर दिया. हालांकि वह किसी जानवर का शिकार तो नही कर पाया, लेकिन उसके हमले से मवेशी घायल हो गए हैं. इस पर वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर पगमार्क लेकर उसकी तलाश शुरू कर दी है. वहीं ग्रामीणों को भी सावधान रहने को कहा है. जिले के सुंदरसी थाना क्षेत्र के खामखेड़ा गांव में शनिवार दोपहर करीब 12 बजे एक तेंदुए ने मवेशियों पर हमला कर दिया. इस हमले में एक भैंस का बछड़ा घायल हो गया. वहीं एक गाय पर भी उसके नाखूनों के निशान मिले हैं. जिसके हमले से गाय किसी तरह बचकर भागने में सफल रही. जंगल में मवेशी चरा रहे ग्रामीण अंतर सिह निवासी खामखेडा ने बताया कि तेंदुए ने बछड़े और गाय पर हमला किया था. गाय के शरीर पर नाखूनों और दांतों के निशान देखकर ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और वन विभाग को घटना की सूचना दी. शनिवार को जब मवेशियों पर हमले की सूचना मिली, इसके बाद वन परिक्षेत्र अधिकारी पुष्पलता मौर्य व सुंदरसी थाना प्रभारी मनीषा शर्मा अपनी टीम के साथ जंगल में पहुंची. टीम ने मौके पर जांच की और तेंदुए के पगमार्क के निशान लिए. अधिकारियों ने ग्रामीणों को सतर्कता बरतने की हिदायत दी है.

**इनका कहना है...**

'यह सही है कि बछड़े के शरीर पर तेंदूए के पंजे के निशान व वहां पर तेंदुए के पगमार्क मिले है. इस क्षेत्र मे तेंदुए की सक्रियता देखी जा रही है. ग्रामीणों से सतर्क रहने की अपील की है .वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है.' **-पुष्पलता मौर्य, वन परिक्षेत्र अधिकारी,शाजापुर**

### श्रीश्याम के जयकारों के साथ निकली निशान यात्रा

**शुजालपुर, 4 जनवरी**. श्री खाटू श्याम सेना ट्रस्ट अकोदिया के तत्वाधान में जय श्री श्याम के जयकारों के साथ अकोदिया में श्री श्याम निशान यात्रा निकाली गई. श्याम प्रेमियों ने मां अन्नपूर्णा मंदिर में माता को चुनरी अर्पित की एवं निशान पूजन किया गया. इसके पश्चात श्याम प्रेमियों ने हाथों में निशान लेकर ढोल ढमाको के साथ जय श्री श्याम के जय कारो के साथ नगर भ्रमण किया. निशान यात्रा अन्नपूर्णा मंदिर से प्रारंभ होकर बोलाई रोड सिध्दीविनायक चौराहा, शिवाजी मार्केट, टप्पा चौराहा, परशुराम चौराहा होते हुए शनि धाम स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर पर पहुंची, जहां पर श्री श्याम प्रभु अकोदिया नरेश को निशान अर्पित कर नगर क्षेत्र प्रदेश देश में खुशहाली के लिए मंगल कामना की गई. ट्रस्ट के प्रदेश अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल, जिला अध्यक्ष डॉक्टर सुशील कुमार गेहलोत द्वारा आरती की गई. मंदिर के पुजारी पंडित हेमंत शर्मा द्वारा विधिवत पूजा संपन्न करवाई गई, आरती पश्चात खिचड़ी प्रसादी का वितरण किया गया. नव वर्ष के अवसर पर अल सुबह से लेकर देर रात्रि तक बाबा श्याम के दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा.

# इंदौर में हुई 16 मौत के विरोध में कांग्रेस ने बजाया घंटा

## असंवेदनशील बयान के लिए मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का पुतला फूंका

**शाजापुर, 4 जनवरी. इंदौर में दूषित पानी पीने से 16 लोगों की मौत और मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के कथित असंवेदनशील बयानों के विरोध में रविवार को शाजापुर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने महुपुरा चौराहे पर घंटा बजाकर विरोध प्रदर्शन किया. कार्यकर्ताओं ने हाथों में घंटियां लेकर नारेबाजी की और मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का पुतला दहन किया.**





विरोध प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस प्रशासन अलर्ट रहा. महूपुरा से टंकी चौराहे की ओर जाने वाले मार्ग पर बैरिकेडिंग की गई थी. कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विधायक कार्यालय की ओर बढ़ने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने उन्हें मौके पर ही रोक लिया. कार्यकर्ताओं ने करीब आधे घंटे तक घंटियां बजाकर प्रदर्शन किया और बाद में पुलिस को चकमा देकर मंत्री का पुतला जला दिया. प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेता आशुतोष शर्मा, नीरज वैष्णव, नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष अजीज मंसूरी, पार्षद सत्या वात्रे, धर्मेंद्र प्रजापति, अकिल वारसी, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष शकील वारसी, संजय वर्मा आदि मौजूद थे.

### असंवेदनशीलता का लगाया आरोप...

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार पर निशाना साधा. उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सरकार विफल हो चुकी है और उनके मंत्री बेलगाम हैं. कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि प्रदेश में आए दिन निर्दोष लोगों की मौत हो रही है, लेकिन सरकार जवाबदेही लेने के बजाय सवाल पूछने वालों को दबा रही है.

### प्रदर्शन जारी रखने की चेतावनी...

विरोध प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने पिछले दिनों सिरप पीने से 22 बच्चों की मौत और हाल ही में इंदौर में दूषित पानी पीने से 16 लोगों की जान जाने का जिक्र किया. उन्होंने कहा कि यदि सरकार जनता को शुद्ध पेयजल भी उपलब्ध नहीं करा सकती, तो उसे सत्ता में रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है. कांग्रेस नेताओं ने कहा कि भाजपा सरकार की नाकामियों के खिलाफ उनका संघर्ष जारी रहेगा.

# नो एंट्री में घुसा ट्रक, शहरी हाईवे पर लगा जाम

## श्मशान घाट के सामने 20 मिनट तक फंसे रहे वाहन, यातायात पुलिस ने खुलावाया रास्ता

**शाजापुर, 4 जनवरी. शाजापुर के शहरी हाईवे पर रविवार दोपहर नियमों की अनदेखी के चलते यातायात की स्थिति बिगड़ गई. दोपहर करीब 3 बजे नो-एंट्री के बावजूद शहर में घुसे ट्रक ने ट्रैफिक व्यवस्था को ठप कर दिया. श्मशान घाट के सामने एक ट्रक के रॉन्ग साइड में खड़े हो जाने की वजह से सड़क पर वाहनों की लंबी कतारें लग गई.**



जाम उस वक्त लगा, जब श्मशान घाट के सामने से एक अंतिम यात्रा निकल रही थी. ट्रक के गलत तरीके से खड़े होने और शवयात्रा की वजह से हाईवे के दोनों तरफ वाहनों की आवाजाही पूरी तरह रुक गई. इस दौरान दोपहिया और चार पहिया वाहन करीब 15 से 20 मिनट तक फंसे रहे. शोर के बीच राहगीरों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा. मौके पर मौजूद लोगों ने जब स्थिति को बेकाबू होते देखा, तो तुरंत इसकी जानकारी यातायात पुलिस को दी. सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और सबसे पहले गलत खड़े ट्रक को सड़क से हटवाकर किनारे करवाया. पुलिस की कड़ी मशक्कत के बाद धीरे-धीरे यातायात सामान्य हो सका और लोगों को जाम से राहत मिली.

> *इनका कहना है*
>
> *शहर में दिन के समय भारी वाहनों के प्रवेश पर पाबंदी है. नो-एंट्री का उल्लंघन करने वाले भारी वाहन चालकों पर पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है. ट्रक चालकों को समझाईश दी जा रही है. जो नियमों को नहीं मानेंगे, उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही की जाएगी.*
>
> ***- सौरव शुक्ला, यातायात प्रभारी, शाजापुर***

# सावित्रीबाई फुले की जयंती मनाई



**सोयतकलां, 4 जनवरी. फूलमाली समाज द्वारा भारत की प्रथम महिला शिक्षिका, महान समाज सुधारिका सावित्रीबाई फुले की 195 वीं जन्म जयंती मनाई गई.**

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सोयत कलां थाना प्रभारी महोदय रामगोपाल वर्मा थे. विशेष अतिथि के रूप में सूचना प्रसारण प्रमुख राकेश राठौर, पूर्व समाज अध्यक्ष रमेश लिलोरिया, श्याम नगदिया, खेमचंद जैतवाल मंचासीन थे. थाना प्रभारी वर्मा ने माता सावित्री बाई फुले के जीवन कार्यकाल पर प्रकाश डाला. स्त्री शिक्षा, दलित उत्थान, सामाजिक न्याय के आंदोलन की फुले अग्रदूत थीं. सावित्री बाई फुले एवं महात्मा ज्योतिबा फुले ने बिना सरकारी सहायता के 18 विद्यालय भारत में स्थापित किए. उनका जीवन आज भी हमें समानता, न्याय और मानव गरिमा के मार्ग पर आगे बढ़ने का संदेश देता है. संचालन राजेश मंडावरा ने किया. आभार फूलमाली समाज सोयत ने माना.

# लगातार दूसरे दिन भी रहा सीवियर कोल्ड-डे

## 18 घंटे कोहरे से ढंका रहा शहर, स्कूलों में दो दिन का अवकाश

**शाजापुर, 4 दिसंबर. नए साल के चौथे दिन भी मौसम ने लोगों को कंपकंपा दिया और पूरे शहर ने 18 घंटे तक कोहरे की चादर ओढ़े रखी. हालांकि दोपहर बाद मामूली धूप खिलने से कोहरा तो छंट गया, लेकिन इसके बाद भी सर्द हवाओं के चलते लोगों को सर्दी से राहत नहीं मिल सकी. मौसम विभाग द्वारा आज से सर्दी से राहत मिलने की संभावना जताई है. इधर लगातार गिरते तापमान के कारण शिक्षा विभाग ने नर्सरी से 8वीं तक के सभी स्कूलों में 5 और 6 जनवरी का अवकाश घोषित किया है.**



2025 के आखरी दिन ही तापमान में बढ़ोत्तरी हुई थी. इसके बाद अगले ही दिन सर्दी ने पलटवार करना शुरू कर दिया और नए साल की पहली रात से ही सर्दी का असर लोगों पर दिखने लगा था. इसके बाद से पिछले तीन दिनों से सर्दी ने लोगों का जनजीवन प्रभावित किया हुआ है. कोहरे के चलते पिछले तीन दिनों से लोगों का बुरा हाल हो रहा है. न हाईवे पर वाहन चल पा रहे हैं और न ही पटरी पर ट्रेनों की गति बढ़ पा रही है. वहीं लोगों को भी पूरे दिन अलाव और गर्म कपड़ों का सहारा लेना पड़ रहा है. मौसम विशेषज्ञ सत्येंद्र धनोतिया ने बताया कि रविवार का दिन भी सीवियर कोल्ड डे रहा. संभावना है कि सोमवार से मौसम खुल सकता है और सर्दी से राहत मिल सकती है.

**18.8 डिग्री दिन का तापमान**

सर्दी के असर का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि नए साल के पहले शनिवार के बाद रविवार को भी सीवियर कोल्ड डे का सामना नगर वासियों को करना पड़ा. इस दिन तापमान 20 डिग्री से घटकर 18.8 डिग्री दर्ज किया गया. तो रात का तापमान भी 9.7 डिग्री दर्ज किया गया. तो सर्द हवाओं की गति भी 15 से बढ़कर 16 किमी प्रति घंटा पहुंच गई, जिसने लोगों को ठिठुरने पर मजबूर कर दिया. यही वजह थी कि लोग दिनभर अलाव के सामने बैठे रहे.

**रात से हो रही कोहरे की बारिश**

शनिवार को दिनभर कोहरा छाने के बाद शाम को कुछ देर के लिए कोहरा छंटा था, लेकिन रात 8 बजे से फिर पूरा शहर कोहरे में समाता गया. देखते ही देखते विजिबिलिटी भी कम हो गई, जिसके चलते लोगों ने अपने घर से निकलने से भी परहेज किया. रात 12 बजे हालात ये थे कि 5 फीट दूरी पर भी दिखाई देना बंद हो गया था. कोहरे के कारण ट्रेनों की गति भी काफी धीमी हो गई. तो हाईवे से गुजरने वाले वाहन चालकों को भी रेंगते हुए अपने वाहन चलाना पड़े.

**खाने-पीने की वस्तुओं में बदलाव**

तेज होती ठंह में लोग अपने खाने-पीने की वस्तुओं में भी बदलाव ला रहे हैं. शहर में में गजक, गजक,





पिंड खजूर, दूध-जलेची आदि की दुकान पर भीड़ देखने को मिल रही है. ठंड में मीठी व सौंधी गजक काफी पसंद की जाती है. ग्राहकों को लुभाने के लिए व्यापारी भी कई वैरावटी में गजक बनाते हैं.साथ ही गजक के साथ ड्रायफ्रूट, चॉकलेट व केसर-पिस्ता गजक, मूंगफली चक्की, लच्छा, तिल की चट्टी व लड्डू भी बाजार में उपलब्ध हैं. गजक, गराडू, ड्रायफ्रूट की डिमांड होने लगी है. वहीं जलेबी और केसर दूध की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ जमने लगी है.

**5 एवं 6 जनवरी का अवकाश घोषित**

वर्तमान में शीतलहर के कारण न्यूनतम तापमान में अत्यधिक कमी होने को दृष्टिगत रखते हुए जिला शिक्षा अधिकारी राजेंद्र शिप्रे द्वारा शाजापुर जिले के अन्तर्गत संचालित समस्त शासकीय, अशासकीय, सीबीएसई एवं समस्त बोर्ड से सम्बद्ध शैक्षणिक संस्थाओं का प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में कक्षा नर्सरी से 8वीं तक के बच्चों का 5 एवं 6 जनवरी 2026 तक अवकाश रहेगा. इसके साथ ही विद्यालय स्टाफ विद्यालय में उपस्थिति रहेंगे. अन्य महत्वपूर्ण गतिविधियां यथा परीक्षा आदि पूर्ववत संचालित रहेंगे.

# रतलाम अकाउंट एसोसिएशन के अध्यक्ष बने पुरुषोत्तम पांचाल

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम**। बड़बड़ हनुमान मंदिर पर रतलाम अकाउंट एसोसिएशन की वार्षिक साधारण सभा रविवार को संपन्न हुई। इसमें वर्ष 2026 के लिए नई कार्यकारणी का चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें अध्यक्ष पुरुषोत्तम पांचाल , सचिव राहुल भटेवरा, उपाध्यक्ष प्रदीप शर्मा,कोषाध्यक्ष प्रकाश गहलोत निर्वाचित हुए ।




प्रारंभ में पूर्व अध्यक्ष मनोज राठौड़, उपाध्यक्ष अंशुल ऐरन, सचिव संजय शर्मा, सह-सचिव अखिलेश ओझा, सह-कोषाध्यक्ष अनुज गंगवाल द्वारा साल भर के कार्यक्रम का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। साथ ही आयोजन में वर्ष 2025 के सभी सम्माननीय सदस्यगण को स्मृति चिन्ह भेट कर संम्मानित किया तत्पश्चात चुनावी प्रक्रिया पूर्ण हुई।

# सब्जी लेकर लौट रही महिला कुएं में गिरी, मौत

**जावरा**। पुलिस थाना कालूखेड़ा अंतर्गत ग्राम सेमलिया मजरा में शनिवार देर शाम एक विवाहिता महिला की अपने ही कुएं में गिरने से मौत हो गई। पुलिस थाना प्रभारी मोहनसिंह मौर्य ने बताया कि धापूबाई पति दुर्गेश पाटीदार 32 वर्ष निवासी सेमलिया मजरा गत रात्रि में अपने ही कुए पर सब्जी लेने गई थी, अंधेरे में कुएं के पास से निकलते समय पैर फिसल जाने से बिना मुंडेर के कुएं में गिर गई। जिसको तत्काल ग्रामीणों मदद से कुएं से बाहर निकाल कर जावरा शासकीय चिकित्सालय भेजा गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित किया। पुलिस ने मृग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

# निर्माण कार्यों को गुणवत्तापूर्ण एवं निर्धारित समयवधि में पूर्ण कराएं

**शाजापुर, 4 जनवरी. कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना की अध्यक्षता में आज ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग अंतर्गत धर्मस्व विभाग के प्रचलित कार्यों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक संपन्न हुई, जिसमें ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं मंदिर समिति के सदस्यगण वीसी के माध्यम से शामिल हुए.**

कलेक्टर सुश्री बाफना ने ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग अंतर्गत धर्मस्व विभाग के प्रचलित कार्यों की बिन्दुवार समीक्षा की. उन्होंने ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए कि धर्मस्व विभाग के कार्यों की गुणवत्ता में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं करें. उक्त सभी कार्य गुणवत्तापूर्ण एवं निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराना सुनिश्चित करें.

कलेक्टर ने कार्यपालन यंत्री आरईएस को निर्देश दिए कि पुनरीक्षित तकनीकी स्वीकृति एवं पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति की आवश्यकता होने पर प्रस्ताव भेजें. उन्होंने सख्त निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता में लापरवाही पाई जाती है तो संबंधितों के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी. कलेक्टर ने निर्देश दिये कि जो ठेकेदार समय सीमा में कार्य नहीं कर रहे हैं उन्हें नोटिस जारी कर टेंडर टर्मिनेशन की कार्रवाई कर ब्लैकलिस्टेड करने की कार्रवाई करें.

कलेक्टर ने ग्राम पंचायतों के सरपंचों से कहा कि वे अपनी-अपनी ग्राम पंचायतों में किए जा रहे निर्माण कार्यों का समय-समय पर निरीक्षण करें एवं उनकी देखरेख में निर्माण कार्यों को कराएं. यदि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता में लापरवाही होती है, तो इसकी जानकारी दें. साथ ही उन्होंने सभी से कहा कि उक्त निर्माण कार्यों को मार्च से पहले पूरा कराएं, ताकि पैसा लेप्स न हो. इस अवसर पर ग्रामीण यांत्रिकी सेवा कार्यपालन यंत्री संजय कुमार मैहर, एसडीओ आरईएस सुश्री स्वाति कासोट, उपयंत्री शांतिलाल डामोर भी उपस्थित थे.

## एक नजर में | पेयजल गुणवत्ता बनाए रखने हेतु निकायों को निर्देश जारी

# नागरिकों को शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल मिले : कलेक्टर यादव

**सोयतकलां, 4 जनवरी. कलेक्टर प्रीति यादव द्वारा नगरीय निकाय क्षेत्र के अंतर्गत जल स्त्रोतों, जल संग्रहण एवं वितरण व्यवस्था को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण बनाए रखने के उद्देश्य से आवश्यक सावधानियां बरतने के निर्देश दिए गए हैं.**

कलेक्टर के निर्देशानुसार परियोजना अधिकारी, जिला शहरी विकास अभिकरण मिलिंद ढोके ने सभी नगरीय निकायों के सीएमओ को पत्र जारी कर निर्देशित किया है कि नागरिकों को शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने हेतु निम्न बिंदुओं का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए. जारी पत्र में निर्देश दिए हैं कि जल स्त्रोतों की नियमित साफ-सफाई कराई जाए. जल शुद्धिकरण संयंत्र (डब्ल्यूटीपी) के फिल्टर बेड का नियमित संधारण किया जाए तथा जल शुद्धिकरण के लिए डब्ल्यूटीपी पर आवश्यक मात्रा में एलम/क्लोरीन की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए निर्धारित मात्रा में उपयोग किया जाए.

### पाइपलाइनों का नियमित निरीक्षण करें...

पाइपलाइन, विशेषकर खुली नालियों अथवा सीवर के पास से गुजरने वाली पाइपलाइनों का नियमित निरीक्षण कर आवश्यक रख-रखाव किया जाए. पानी के रंग में परिवर्तन या दुर्गंध की शिकायत मिलने पर तत्काल जल प्रदाय रोका जाए तथा वैकल्पिक स्रोतों जैसे टैंकर, नलकूप या हैंडपंप से जल आपूर्ति की जाए. शिकायतों का 24 घंटे के भीतर निराकरण सुनिश्चित करते हुए प्रभावी जल शुद्धिकरण तकनीक का उपयोग कर शुद्ध पेयजल वितरण किया जाए.

**24 घंटे में दुरुस्त करें लिकेज**

पेयजल वितरण नलिकाओं में पाए जाने वाले सभी लिकेज को 24 घंटे के भीतर दुरुस्त किया जाना सुनिश्चित किया जाए. कोलीफॉर्म बैक्टीरिया की उपस्थिति वाला जल पीने योग्य नहीं होता है. अतः पेयजल में कोलीफॉर्म बैक्टीरिया की नियमित जांच कराई जाए. निकाय क्षेत्र के जल स्रोतों, ट्रीटमेंट प्लांट, उच्च स्तरीय टंकियों एवं प्रत्येक वाल्व से वितरित जल की अंतिम नल कनेक्शन तक से सैंपल लेकर जांच कराई जाए तथा जांच के अभिलेख संधारित किए जाएं.

**तुरंत सूचना दें...**

जिला प्रशासन की नागरिकों से अपील है कि सीवरेज, नाली या किसी भी स्थान पर पाइप लाइन लिकेज, फूटी दिखाई दे, तो उसकी तुरंत सूचना संबधित नगरीय निकाय सीएमओ को दें.

### साल में दो बार हो टंकियों की सफाई

निकाय क्षेत्र में स्थित सभी उच्च स्तरीय जल टंकियों की वर्ष में कम से कम दो बार साफ-सफाई कराई जाए तथा टंकी की सफाई की तिथि टंकी पर स्पष्ट रूप से अंकित की जाए. हैंडपंप एवं नलकूपों में ब्लिचिंग पाउडर या लिक्विड सोडियम हाइपोक्लोराइट के माध्यम से पानी को जीवाणुरहित किया जाए.